# अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन

(विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार का एक सांविधिक निकाय)

(सं. एएनआरएफ/भर्ती/03/2025)

## <u>विज्ञापन सूचना सं. 03/2025</u>

अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ), नई दिल्ली में निम्नलिखित पदों को भरने के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। ये नियुक्तियां प्रतिनियुक्ति / समावेशन के आधार पर की जाएंगी, और यदि इस माध्यम से उपयुक्त उम्मीदवार नहीं मिलते हैं, तो सीधी भर्ती की जाएगी। विवरण नीचे दिया गया है:

| पद का नाम | वेतनमान | पदों की संख्या | भर्ती का माध्यम |
|---|---|---|---|
| अनुभाग अधिकारी | पे मैट्रिक्स (₹44900-142400) में लेवल -7 | 01 अनारक्षित | प्रतिनियुक्ति/समावेशन द्वारा, ऐसा न हो पाने पर, सीधी भर्ती द्वारा। |

अनुभाग अधिकारी के पद को प्रतिनियुक्ति / समावेशन के आधार पर भरने का प्रस्ताव है। यदि इन माध्यमों से पद नहीं भरा जाता है, तो इसे सीधी भर्ती के माध्यम से भरा जाएगा। इसका विवरण नीचे दिया गया है:

**I. प्रतिनियुक्ति:**

केंद्र सरकार या राज्य सरकार या केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थान या विश्वविद्यालय या अर्ध- सरकारी या वैधानिक निकाय या स्वायत्त संगठनों के अधिकारी जो -

(क) (i) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर समवर्गी पद धारण करते हों; या

(ii) वेतन मैट्रिक्स (₹35,400-1,12,400) में लेवल-6 अथवा समकक्ष में उन्होंने नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद विवेच्य ग्रेड में पांच वर्ष की नियमित सेवा की हो।

(ख) वित्त, लेखा और प्रशासन के क्षेत्रों में कार्य करने का अनुभव रखते हों।

नोट- प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसमें केंद्र सरकार या राज्य सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य गैर-कैडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी शामिल है, सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**आयु सीमा:** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**II. <u>सीधी भर्ती</u>**

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री।
(ii) कार्मिक, सामान्य प्रशासन और लेखा में पाँच वर्ष का अनुभव।

**आयु सीमा:** आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को पैंतीस वर्ष से अधिक नहीं। केंद्र सरकार द्वारा जारी निर्देशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों को पाँच वर्ष तक की छूट दी जा सकती है।

नोट: आयु-सीमा निर्धारित करने हेतु निर्णायक तिथि वही होगी जो गैर-दूरस्थ क्षेत्रों के उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि है। दूरस्थ क्षेत्रों (असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश के लाहौल एवं स्पीति जिले तथा चंबा जिले के पांगी उप-मंडल, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप) के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित विस्तारित अंतिम तिथि को आयु-सीमा निर्धारण के लिए मान्य **नहीं** माना जाएगा।

## सामान्य निर्देश

1. निर्धारित आवश्यक योग्यताएं न्यूनतम हैं और उन्हें धारण कर लेने मात्र से उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के हकदार नहीं हो जाते।
2. आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए।
3. भरे जाने वाले पदों की संख्या भिन्न हो सकती है। एएनआरएफ के पास इस विज्ञापन के बाद उत्पन्न होने वाली रिक्तियों को इस भर्ती प्रक्रिया के तहत मुख्य सूची या प्रतीक्षा सूची के अनुशंसित उम्मीदवारों के पैनल की वैधता तिथि तक भरने का अधिकार सुरक्षित है। एएनआरएफ बिना कोई कारण बताए भर्ती को रद्द करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है।
4. कार्य का स्वरूप: अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन **(एएनआरएफ)** के प्रशासन और स्थापना तथा वित्त, बजट और लेखा से संबंधित सभी मामले।
5. एएनआरएफ उम्मीदवारों द्वारा उनके आवेदन पत्रों में प्रदान की गयी सूचना/विवरणों के आधार पर आंतरिक शॉर्टलिस्टिंग प्रक्रिया के माध्यम से अर्थात् आवेदन पत्रों की छंटाई और एएनआरएफ की आवश्यकता के अनुसार साक्षात्कार में बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को सीमित करने के लिए एक **स्क्रीन कमेटी** का गठन करके, साक्षात्कार में बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को उपयुक्त सीमा तक सीमित कर सकता है। साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने से पूर्व, उम्मीदवारों की सुयोग्यता का निर्धारण विधिवत रूप से गठित एक समिति करेगी जो **उम्मीदवार द्वारा प्रदत्त अनुभव की गुणवत्ता तथा प्रकृति को ध्यान में रखते हुए तथा एएनआरएफ की विशिष्ट कार्य अपेक्षा के अनुसार होगा।** साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाए गए / नियुक्ति हेतु नहीं चुने गए उम्मीदवारों से प्राप्त किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। किसी भी रूप में सिफारिश याचना करने पर उम्मीदवारी अयोग्य हो जाएगी।
6. चयनित उम्मीदवारों को भारत में कहीं भी सेवा करनी पड़ सकती है।
7. **आवेदन कैसे करें:**
   (क) पात्र और इच्छुक उम्मीदवारों से उपरोक्त पद के लिए आवेदन करने का अनुरोध किया जाता है। आवेदन पत्र नीचे दिए गए अनुलग्नक के अनुसार निर्धारित प्रारूप में मोटे सादे कागज (A-4 आकार 210 x 297 मिमी) पर साफ-सुथरे ढंग से टाइप किए होने चाहिए। उम्मीदवारों से एएनआरएफ पोर्टल https://recruitment.anrf.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने के लिए भी अनुरोध किया जाता है।
   (ख) उपरोक्त निर्धारित प्रारूप में पूर्ण आवेदन पत्र "अनुभाग अधिकारी के पद के लिए आवेदन" लिखे हुए लिफाफे में भरकर स्पीड पोस्ट द्वारा निदेशक, अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन, चौथी मंजिल, ब्लॉक-II, टेक्नोलॉजी भवन, न्यू महरौली रोड, नई दिल्ली-110016 को भेजे जाने चाहिए। ऑनलाइन आवेदन **एम्प्लॉयमेंट न्यूज/रोजगार योजना में विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 45 दिनों के भीतर** शाम 5:30 बजे तक जमा किए जाने चाहिए। एम्प्लॉयमेंट न्यूज (अंग्रेजी संस्करण) में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से, **यानी जिस सप्ताह में यह प्रकाशित हुआ है उसके अंतिम दिन से** (असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर राज्य के लद्दाख डिवीजन, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले और चंबा जिले के पांगी उप-मंडल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप के उम्मीदवारों के लिए 60 दिन)
   (ग) आवेदन का कोई भी कॉलम खाली नहीं छोड़ा जाना चाहिए। जानकारी न होने की स्थिति में, ऐसे कॉलम के सामने 'शून्य' लिखें। किसी भी स्थिति में, कोई भी कॉलम खाली नहीं छोड़ना है।
   (घ) प्रतिनियुक्ति के आधार पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों पर सीधी भर्ती के आधार पर चयन के लिए विचार नहीं किया जाएगा और इसके विपरीत भी यही नियम लागू होगा।
   (ङ) भारत में केंद्र सरकार या राज्य सरकारों या केंद्र शासित प्रदेशों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों या विश्वविद्यालयों या वैधानिक या स्वायत्त संगठनों आदि जैसे सरकारी संगठनों में काम करने वाले उम्मीदवारों को ऊपर उप-पैरा (क) और (ख) में बताए अनुसार आवेदन करना चाहिए। इसके साथ आवेदन प्राप्त करने की निर्धारित अंतिम तिथि के अंदर पिछले पांच वर्षों के एपीएआर की सत्यापित प्रतियां, सतर्कता क्लियरेंस प्रमाण पत्र और सक्षम प्राधिकारी से "कोई बड़ी/छोटी पेनल्टी नहीं लगाए जाने" इत्यादि का प्रमाण पत्र संलग्न करके भेजा जाना चाहिए।
   (च) **निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।**
   (छ) शैक्षिक योग्यता, जन्म तिथि, विकलांगता, समुदाय प्रमाण पत्र, अनुभव और किसी भी अन्य प्रासंगिक जानकारी के समर्थन में स्व-सत्यापित प्रमाणपत्रों की प्रतियां आवेदन के साथ संलग्न की जानी चाहिए। सहायक दस्तावेजों के बिना आवेदनों को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।
   (ज) **उम्मीदवारों को सत्यापन के लिए साक्षात्कार के समय मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होंगे।**
   (झ) किसी भी रूप में अधूरे या अपूर्ण आवेदनपत्र को सरसरी तौर पर ही खारिज किया जा सकता है। इस तरह खारिज कर दिए गए आवेदनपत्रों के निमित्त किए गए किसी भी अभिवेदन पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया जाएगा।

8. **आयु सीमा निर्धारित करने की महत्वपूर्ण तिथि** भारत में उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी (न कि दूरस्थ क्षेत्रों के लिए निर्धारित अंतिम तिथि)।

9. **हकदारियां तथा भत्ते :** केंद्र सरकार के नियमों /एएनआरएफ के नियमों तथा विनियमों के अनुसार।

10. **आरक्षण मानदंड:** भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार।

11. **परिवीक्षा:** (1) सीधी भर्ती के आधार पर अनुभाग अधिकारी के रूप में नियुक्त उम्मीदवारों को दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रखा जाएगा, जिसकी पुष्टि तभी की जाएगी जब वे परिवीक्षा की अवधि को पूरा कर लेंगे और उस अवधि के दौरान सक्षम प्राधिकारी द्वारा उनकी सेवाएं और आचरण संतोषजनक पाया जाएगा। (2) यदि परिवीक्षा अवधि में किसी कर्मचारी की सेवा और आचरण संतोषजनक नहीं पाया जाता है, तो प्राधिकारी के विवेकानुसार, कर्मचारी को सुधार का अवसर प्रदान करने के लिए परिवीक्षा अवधि बढ़ाई जा सकती है। (3) असाधारण मामलों को छोड़कर, परिवीक्षा की विस्तारित अवधि सामान्य अवधि के दोगुने से अधिक नहीं होगी। (4) यदि परिवीक्षा अवधि या विस्तारित परिवीक्षा अवधि के अंत में किसी कर्मचारी की सेवा और आचरण को संतोषजनक नहीं पाया जाता है, तो उसकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी।

12. एएनआरएफ द्वारा **सेवा के दौरान नियुक्ति से पहले और बाद** में उम्मीदवार के आवेदनपत्र के साथ प्रस्तुत विवरणों और दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। किसी भी स्तर पर, यदि यह पाया जाता है कि उम्मीदवार ने गलत या झूठी जानकारी दी है और किसी महत्वपूर्ण जानकारी को छिपाया है, **तो उसकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी।**

13. इस विज्ञापन और/या इसके जवाब में किसी भी आवेदन से उत्पन्न होने वाले दावे या विवाद के किसी भी मामले के संबंध में कोई भी कानूनी कार्यवाही केवल दिल्ली में शुरू की जा सकती है और केवल दिल्ली स्थित अदालतों/न्यायाधिकरणों/मंचों के पास ही ऐसे किसी भी मामले/विवाद की सुनवाई का एकमात्र और अनन्य क्षेत्राधिकार होगा।

**14. <u>कृपया ध्यान दें:</u>**

(i) **एएनआरएफ के कर्मचारी केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) के अंतर्गत आच्छादित नहीं हैं।** तथापि, चिकित्सा सुविधाओं के संबंध में एएनआरएफ के अधिकारी एएनआरएफ के विनियमों (Regulations) द्वारा शासित होंगे।

(ii) **एएनआरएफ के कर्मचारी आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के अधीन संपदा निदेशालय (Directorate of Estates) के सामान्य पूल से आवास आवंटन के लिए पात्र नहीं हैं।** तथापि, एएनआरएफ के अधिकारी/कर्मचारी एएनआरएफ के भर्ती नियमों (RRs) के अनुसार गृह किराया भत्ता (HRA) पाने के लिए पात्र होंगे।)

टिप्पणी: यह अनुलग्नक (प्रपत्र) केवल संदर्भ के लिए है। विस्तृत आवेदन-प्रपत्र भर्ती पोर्टल पर प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है।https://recruitment.anrf.gov.in

**अनुलग्नक**

# आवेदन का प्रारूप

पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो लगाएं (तीन महीने से अधिक पुराना नहीं)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **अनुभाग अधिकारी** के पद के लिए आवेदन<br><br>(क) प्रतिनियुक्ति<br>(ख) सीधी भर्ती | :<br>: | |
| 2. | पूरा नाम<br>(स्पष्ट अक्षरों में) | : | |
| 3. | पिता/पति/पत्नी का नाम | : | |
| 4. (क) | जन्म की तारीख | : | दिन ................ माह .................. वर्ष .................... |
| (ख) | अंतिम तिथि को आयु | : | दिन ................ माह .................. वर्ष .................... |
| 5. | राष्ट्रीयता: | : | |
| 6. | क्या आप निम्नलिखित श्रेणी से संबंधित हैं (कृपया टिक करें। यदि हाँ, तो प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें) | : | अनु. जाति अनु. जनजाति अ.पि.व. दिव्यांग सामान्य |
| 7. | **शैक्षणिक योग्यता** (मैट्रिकुलेशन/दसवीं से शुरू करते हुए कालानुक्रमिक क्रम में। यदि नीचे दिया गया स्थान पर्याप्त नहीं है, तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित एक अलग शीट संलग्न करें) | | |

| क्र.सं. | उत्तीर्ण परीक्षा | विश्वविद्यालय/संस्थान/बोर्ड | उत्तीर्ण करने का वर्ष | मुख्य विषय | श्रेणी/वर्ग/ अंकों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

8. कार्य अनुभव:
(पहली नौकरी से शुरू करके कालानुक्रम में विवरण)

(यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित एक अलग शीट संलग्न करें)

| क्र.सं. | मंत्रालय/विभाग/ संगठन का नाम | धारित पद | नियमित/ तदर्थ/ अस्थायी | अवधि | | प्रत्येक नियुक्ति की कुल अवधि वर्षों, महीनों और दिनों में | वेतनमान | कार्य का स्वरूप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | से | तक | | | |
| | | | | | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 9. | वर्षों में कुल अनुभव: | |

| 10. | **प्रशिक्षण, यदि कोई हो:** | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | संगठन | अवधि | | प्रशिक्षण का ब्योरा |
| | | | | |

11. वर्तमान रोजगार की स्थिति:

| **केंद्र सरकार** | **राज्य सरकार** | **स्वायत्तशासी निकाय / सांविधिक निकाय (केन्द्रीय/राज्य)** | **सार्वजनिक उपक्रम** | **मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान अथवा विश्वविद्यालय** | **अन्य (विवरण प्रदान करें)** |
|---|---|---|---|---|---|

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

12. (i) उम्मीदवार जिस सेवा से संबंधित है (यदि लागू हो):
(ii) संवर्ग (कैडर) नियंत्रक प्राधिकारी का पूर्ण पता, दूरभाष संख्या सहित:

13. (i) पत्राचार के लिए पता
(स्पष्ट अक्षरों में)

(ii) टेलीफोन नंबर (क) कार्यालय:____________________

(ख) निवास:____________________________
(ग) मोबाइल नंबर: _______________________

(iii) ईमेल पता___________________________________________

14. निकटतम रेलवे स्टेशन:
15. वर्तमान वेतन (संशोधित/पूर्व-संशोधित)
(i) लेवल एवं वेतन मैट्रिक्स/वेतन बैंड + ग्रेड वेतन ..........................................................................................
(ii) मूल वेतन (पे मैट्रिक्स में वेतन / पीबी+जीपी में वेतन) ...........................................................................
(iii) अन्य भत्ते (एचआरए को छोड़कर) ..........................................................................................................
(iv) कुल वेतन [(ii) + (iii)] .......................................................................................................................

16. नीचे दो संदर्भों के नाम दें (वे आपके रिश्तेदार नहीं होने चाहिए) जो आपकी प्रस्तावित नियुक्ति के लिए आपकी उपयुक्तता के बारे में अपने व्यक्तिगत ज्ञान से प्रमाणित करने की स्थिति में हों {यह केवल उन उम्मीदवारों के लिए लागू है जो सीधी भर्ती के लिए आवेदन कर रहे हैं और पैरा 7(ङ) के अंतर्गत नहीं आते हैं} ।

(i) नाम, पूर्ण पता और संपर्क नंबर के साथ:
(ii) नाम, पूर्ण पता और संपर्क नंबर के साथ:

17. स्थायी पता:
(बड़े अक्षरों में)
पिन कोड:
टेलीफोन नंबर:
लैंडलाइन (कोड के साथ): ___________
मोबाइल नंबर: ___________________
ईमेल पता: _______________________

18. कोई अन्य जानकारी जो आप जोड़ना चाहें:

19. संलग्नकों का विवरण:

20. घोषणा:-

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि दी गई जानकारी मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य और पूर्ण है और इसमें कुछ भी छिपाया/तोड़ मोड़कर प्रस्तुत नहीं किया गया है। यदि मेरे द्वारा दी गई कोई भी घोषणा और/या इसके साथ प्रस्तुत दस्तावेज गलत

या झूठे पाए जाते हैं, तो चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में मेरी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। यदि मेरी नियुक्ति के बाद भी यह पता चलता है/ध्यान में आता है कि दी गई कोई भी घोषणा और/या इसके साथ प्रस्तुत दस्तावेज गलत या झूठे हैं, तो मैं सहमत हूँ कि मेरी नियुक्ति बिना किसी सूचना के समाप्त की जा सकती है।

**उम्मीदवार के हस्ताक्षर**

**स्थान:**

**तारीख:**

# <u>प्रमाण पत्र</u>
## (संगठन/कार्यालय प्रमुख द्वारा दिया जाना है)

1. प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक द्वारा अपने आवेदन में दी गई जानकारी/विवरण रिकॉर्ड पर उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सत्य और सही हैं। उनके पास विज्ञापन में उल्लिखित शैक्षणिक योग्यता और अनुभव है। चयनित होने पर उन्हें तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि:-

   (i) अधिकारी के खिलाफ कोई सतर्कता/अनुशासनात्मक मामला या आपराधिक मामला लंबित या विचाराधीन नहीं है;
   (ii) पिछले 10 वर्षों के दौरान कोई बड़ी/छोटी पेनल्टी नहीं लगायी गयी है।
   (iii) अधिकारी की सत्यनिष्ठा प्रमाणित की जाती है;
   (iv) पिछले पांच वर्षों के उनके एसीआर/एपीएआर डोजियर की प्रतिलिपियाँ, जो भारत सरकार के अवर सचिव या उससे ऊपर के रैंक के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित हैं, संलग्न हैं; और
   (v) कैडर नियंत्रण प्राधिकारी को विज्ञापन में उल्लिखित पद के लिए आवेदक पर विचार किए जाने से कोई आपत्ति नहीं है। चयनित होने पर उन्हें कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

संगठन/कार्यालय प्रमुख के हस्ताक्षर कार्यालय की
**मुहर सहित**

**स्थान:**

**दिनांक:**